# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आज लखनऊ में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव दो हजार चौबीस के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने कहा कि गोमती नदी के तट पर पुस्तक मेले का आयोजन अभिनव प्रयास है। मुख्यमंत्री आकांक्षा हाट के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की पहली डबल डेकर ईवी बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**********

दीपावली और छठ पर्व मना कर अपने गंतव्य तक वापस लौटने वालों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे द्वारा आज एक सौ सत्तर विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज चलाई जाने वाली विशेष रेलगाड़ियों में से चौहद पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं।

**********

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के भीतर हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। फिरोजाबाद जिले में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर थानाक्षेत्र में बीती देर रात एक बस के खड़े वाहन से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। वहां के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदौरिया के अनुसार बस मथुरा से लखनऊ जा रही थी । लखनऊ जिले के काकोरी थानाक्षेत्र में भी इसी एक्सप्रेस वे पर कल रात कार और ट्रेलर की टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गये। वहीं मिर्जापुर जिले में बीती रात मड़िहान थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पर ददरा पहाड़ी के समीप एक बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गये। जालौन जिले में कल देर रात छिरिया मार्ग में मवेशी से टकरा कर एक बाइक सवार की मौत हो गई और उसका एक साथी घायल हो गया। कानपुर जिले के बिल्हौर थान्हा क्षेत्र स्थित लालपुर गांव के पास आज सुबह डंपर से हुई टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई।

**********

अयोध्या में श्रीराममंदिर का निर्माण कार्य सितम्बर दो हजार पच्चीस तक पूरा हो जाएगा। यह जानकारी श्री राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने आज राम मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर समेत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। श्री मिश्र ने बताया कि परिसर में बन रहे सभागार,विश्राम गृह और ट्रस्ट के प्रशासनिक कार्यालय का टेंडर जारी हो चुके हैं । इन सभी का निर्माण बीस नवंबर से शुरू हो जाएगा ।

**********

अयोध्या में प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रथम चरण और चौदह कोसी परिक्रमा कड़ी सुरक्षा के बीच आज शुरू हो गया । यह कल शाम तक चलेगा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में सरयू स्नान के बाद श्रद्धालु श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर, कनक भवन और हनुमानगढ़ी समेत विभिन्न मंदिरों में दर्शन –पूजन कर रहे हैं । नागेश्वरनाथ महादेव को अभिषेक करने के लिए भी दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद का इस पहले कार्तिक पूर्णिमा मेले के प्रति भक्तों में खासा उत्साह है।चौदह कोसी परिक्रमा को देखते हुए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज गोपाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ परम्परागत तरीके से मनाया जा रहा है। मथुरा जिले में इसे लेकर विशेष उत्साह है। वहां जगह–जगह गाय को गुड़, चना, केला, रोटी आदि खिला कर पूजन किया गया । प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने भी अपने घर की गौशाला में गायों का विधिवत पूजन किया । उन्होंने कहा कि यह दिन सनातनियों के लिए विशेष का है। आज ही भगवान श्रीकृष्ण और बलराम को पहली बार गाय चराने के लिए मां यशोदा ने भेजा था। गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर, गीटा वाटिका और तारामंडल के पास गोपाष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित कर गो पूजन किया गया।

**********

वाराणसी के अस्सी घाट पर काशी गंगा महोत्सव का आयोजन बारह नवंबर से किया जाएगा । इसके बाद पंद्रह नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली का भव्य आयोजन वहां के समस्त घाटों पर होगा। वाराणसी के जिलाधिकारी एस राज लिंगम ने बताया कि गंगा महोत्सव के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पैंतीस से ज्यादा नामचीन और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं पंद्रह नवम्बर से प्रस्तावित देव दीपावली में काशी के समस्त घाटों, अन्य तालाबों, कुंडों और वरुणा नदी के किनारे करीब सत्रह लाख दीप जलाए जाएंगे।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इसके तहत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर के आयोजन किये गये। मऊ जिले में आशा, आंगनबाड़ी और पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा पम्पलेट वितरित कर लोगों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

**********